हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 फिरोज के आवास सहित 15 ठिकानों पर सर्चिंग अचल संपत्तियों का...



07 आशाओं के कार्य बहिष्कार करने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं...



खबर संक्षेप में

'युवा संगम' रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला 16 अक्टूबर को

मंदसौर। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बतया गया कि मध्यप्रदेश शासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, मंदसौर के तत्वावधान में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर 2026 को युवा संगम का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई मल्हारगढ़ में होगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों एवं संस्थानों द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भर्ती प्रक्रिया एवं साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। इस रोजगार मेले में कुल 12 कंपनियों के सम्मिलित होने की जानकारी दी गई है।

कलेक्टर ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया

मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्यांक सिंह ने नवीन कलेक्टर भवन के सामने स्थित वेयर हाउस का निर्धारित मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग, लॉगबुक एवं प्रवेश रिकॉर्ड का सत्यापन किया। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपायों एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निःशुल्क बीएमडी जांच शिविर आयोजित, 53 मरीजों ने उठाया लाभ

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर द्वारा जनसेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत डॉ. के.सी. श्रीमाल ऑर्थोपेडिक क्लिनिक में निःशुल्क बीएमडी (अस्थि घनत्व) जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 53 मरीजों की हड्डियों के घनत्व की जाँच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रीमाल ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों का कमजोर होना एक आम समस्या है, जिसे समय रहते पहचानकर नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हमारी बदलती जीवनशैली, संतुलित खान-पान की कमी और शारीरिक गतिविधियों का अभाव हड्डियों को कमजोर बनाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नियमित जाँच, कैल्शियम एवं विटामिन-डी युक्त आहार, रोजाना धूप का सेवन और नियमित व्यायाम से हड्डियों को स्वस्थ व मजबूत रखा जा सकता है। जाँच के उपरांत सभी मरीजों को उनकी रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दी गई। इस अवसर पर लायंस क्लब के सचिव मयूर सुराणा, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, सुभाष बग्गा, सुरेश धनोतिया, पंकज पोरवाल सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

मां बिजासन महिला मंडल व नगर परिषद के सहयोग से हो रहा आयोजन

गरबा महोत्सव में भक्ति और संस्कृति का संगम, पारंपरिक नृत्य से सजा मां का दरबार





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में भक्ति और लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मां आदिशक्ति की आराधना के साथ गरबा महोत्सव में बालिकाओं एवं युवतियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया है। मां बिजासन मंदिर प्रांगण स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित गरबा महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजा पांडाल माता रानी की भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। गरबा महोत्सव में पारंपरिक परिधानों में सजी बालिकाओं एवं युवतियों ने भक्ति गीतों और माता रानी के जयकारों के बीच आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। संगीत की लय पर ताल से ताल मिलाते प्रतिभागियों ने नवरात्रि की परंपरा को जीवंत कर दिया। गरबा देखने पहुंचे नगरवासियों ने भी उत्साहपूर्वक आयोजन का आनंद लिया। पूरे परिसर में श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक आस्था का वातावरण बना रहा।

महिला मंडल की सहभागिता से साकार हुआ आयोजन

मां बिजासन महिला मंडल ग्रुप एवं नगर परिषद के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में आयोजन को सफल बनाने के लिए महिला मंडल की सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कविता शर्मा, विजयलक्ष्मी माली, नीलम शर्मा, मंजू राठौर, मधुबाला परिहार, आरती गुर्जर, सलोनी कटवा, नीलू राठौर सहित अन्य सदस्यों का सहयोग मिल रहा है। आयोजन के माध्यम से नगर की बालिकाओं एवं युवतियों को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर भी मिल रहा है।

मेले में सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की नजर

गरबा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क है। कानड़ थाना प्रभारी राजकुमार दांगी पुलिस टीम के साथ व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए हैं, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकें।नवरात्रि के दौरान आयोजित यह महोत्सव नगर की धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक एकता को मजबूत कर रहा है। मां आदिशक्ति के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ गरबा उत्सव में लोगों की सहभागिता नवरात्रि के उल्लास को और बढ़ा रही है।

आकर्षक गरबों के माध्यम से की जा रही देवी की आराधना





नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में एक ओर जहां मां बगलामुखी मंदिर पर देवी की आराधना चल रही है, वहीं दूसरी ओर नगर के सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव के पंडालों में आकर्षक गरबों के माध्यम से देवी की भक्ति की जा रही है। नगर में कई स्थानों पर सार्वजनिक पांडालों में घट स्थापना कर माता की भक्ति की जा रही है। नगर के मुखर्जी मार्ग में मुखर्जी मार्ग नवदुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में प्रतिदिन माता रानी की महाआरती के पश्चयात आकर्षक गरबों का दौर प्रारंभ हो रहा है। प्रतिदिन बालक-बालिकाएं, युवतियां व महिलाएं विभिन्न वेशभूषा में अलग अलग एक्शन में आकर्षक गरबे कर माता रानी की भक्ति कर रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक भी उपस्थित रहते हैं। मुखर्जी मार्ग नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा विद्युत सज्जा के साथ पंडाल बनाया गया है। इस पंडाल में माता रानी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। जिनके दर्शन के लिए भी देर शाम से रात्रि तक बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

मुख्य अभियंता के नाम सौंपा ज्ञापन

बिजली कटौती और बढ़ते बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



नलखेड़ा। ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में नगर सहित क्षेत्र में हो रही लगातार बिजली कटौती और बढ़ते बिजली बिलों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। विभाग के कार्यालय पर पहुंचकर मुख्य अभियंता के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लोड शेडिंग के नाम पर लगातार बिजली कटौती की जा रही है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को बढ़े हुए बिजली बिलों का सामना करना पड़ रहा है। इससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस जनों द्वारा विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता के नाम सौंपे ज्ञापन में किसानों को सिंचाई कार्य के लिए दिन में 10 घंटे लगातार बिजली प्रदान की जाए। किसानों के जले हुए ट्रांसफार्मर प्राथमिकता के साथ तत्काल बदले जाने। नलखेड़ा नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में वर्तमान समय में हो रही बेतहाशा विद्युत कटौती से आमजन किसान तथा नवरात्रि पर्व में हो रही आम परेशानी को ध्यान में रखते हुए तत्काल कटौती बंद कर सतत विद्युत प्रदाय किया जावे। आम उपभोक्ताओं तथा किसानों को दिए जा रहे मनमाने बिलों की जांच कर उन्हें कम किया जाए सहित अन्य मांगों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन किया। तथा व्यवस्था सुधार होने के लिए 7 दिन का समय दिया इसके बाद अगर व्यवस्था नहीं सुधरती है तो कांग्रेस पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान नलखेड़ा बिजली विभाग के अधिकारी गुप्ता ने कहा कि बिजली संबंधी समस्याओं में सुधार लाने के लिए विभाग प्रयासरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले 24 घंटे के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार लाने की पूरी कोशिश की जाएगी। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के सभी प्रकोष्ठों एवं संगठनों के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



तीन क्विंटल फरियाली खिचड़ी की महाप्रसादी वितरित

आदिशक्ति के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजे मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





शारदीय नवरात्रि पर्व पर नगर के प्राचीन मां बिजासन माता मंदिर और मां हिंगलाज देवी मठ में भक्ति की बयार बह रही है। मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों, घंटियों की मधुर गूंज और ढोल-नगाड़ों की थाप से गुंजायमान हो रहा है। सुबह से देर शाम तक दर्शनार्थियों की आवाजाही बनी हुई है, वहीं संध्या होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगती है। दीपों की रोशनी, माता रानी के मनमोहक श्रृंगार और आरती के दौरान गूंजते जयकारों के बीच पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब जाता है। श्रद्धालु हाथ जोड़कर माता के दरबार में शीश नवाते हुए सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

नवरात्रि के इसी भक्तिमय माहौल में मां बिजासन माता मंदिर में नगर के समाजसेवी मनीष शर्मा एवं श्रीराम लला धाम सेवा ट्रस्ट की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब तीन क्विंटल फरियाली खिचड़ी का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सेवा और समर्पण की भावना से आयोजित इस महाप्रसादी में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। माता रानी के दरबार में उमड़ती श्रद्धा और प्रसाद वितरण की सेवा ने नवरात्रि के उत्सव को और भी विशेष बना दिया।

दीपावली पर अस्थाई पटाखा विक्रय अनुमति के लिए आवेदन 22 से

नलखेड़ा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ शेरसिंह मीना ने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन एवं संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भोपाल के निर्देशानुसार दीपावली पर अस्थाई पटाखा विक्रय लायसेंस अनुमति के लिए आवेदन पत्र 22 से 29 अक्टूबर 2026 तक एमपी ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। पटाखा विक्रय की अनुमति 3 से 20 नवंबर 2026 तक के लिए जारी की जाएगी। विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय की लाइसेंस शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

खाद्य व औषधी प्रशासन सलाहकार समिति बैठक में निर्देश

खाद्य पदार्थों के अमानक नमूनों के प्रकरणों में लाइसेंस होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

विगत दिवस खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अशुद्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री एवं निर्माण की रोकथाम के लिए चर्चा कर रूपरेखा तय की गई। बताया गया कि कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देश पर आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी दल का गठन किया गया है। गठित दल में खाद्य सुरक्षा, दुग्ध महासंघ, पुलिस विभाग, नापतोल, खाद्य आपूर्ति विभाग सम्मिलित किए गए हैं। निगरानी दल जिले में आकस्मिक निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थों की जांच करेगा।

बैठक में समीक्षा के दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की जांच के लिए जिले में चलित लैब भ्रमण करेगी। खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर मौके पर ही जांच रिपोर्ट देगी। चलित लैब की व्यवस्था जिले में जनभागीदारी अथवा शासन स्तर से की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण हेतु ब्लॉक स्तरीय रोस्टर बनाऐ जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्याम सिंह रावत द्वारा निर्देशों के पालन नहीं करने, आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य नमूने प्राप्त करने में लापरवाही बरतने पर उनके निलंबन हेतु शासन स्तर पर कार्यवाही की जाए। बताया गया कि 1 अप्रैल 2026 से माह अक्टूबर 2026 तक लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने जो लैब रिपोर्ट में अमानक, मिथ्याचारी एवं असुरक्षित में पाए गए हैं ऐसे 15 पंजीयन/लाईसेंस तत्काल निरस्त करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा बैठक में दिए गए।

बैठक में नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र में अशुद्ध खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय की रोकथाम हेतु समन्वय बनाते हुए जनजागरूकता शिविर लगाए जाने खाद्य पदार्थों के क्रय, विक्रय एवं निर्माण में पूर्ण स्वच्छता एवं शुद्धता रखने के लिए जागरूक करने, नियमों का पालन नही करने पर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नारायण सिंह चंद्रावत, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मंगल रैकवार, उपभोक्ता संघटन के मिथुन वाप्ता एवं विनोद गुप्ता, खाद्य व्यवस्था से शरद धिंग एवं अरूण शर्मा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

घोष की ताल पर कदमताल करते चल रही थीं दुर्गा वाहिनी की बहनें

नगर में दुर्गा वाहिनी का पथ शक्ति संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







बुधवार को नगर में दुर्गा वाहिनी का पथ शक्ति संचलन निकला। पथ संचलन में ध्वज वाहिनी, घोष वाहिनी सहित कई वाहिनियां शामिल थीं। संचलन मार्ग पर नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बुधवार सुबह 10 बजे स्थानीय जायसवाल कॉलोनी स्थित माधवकुंज से विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का पथ शक्ति संचलन प्रारंभ हुआ। पथ संचलन में ध्वज वाहिनी, घोष वाहिनी,बंदुक वाहिनी, खड्ग वाहिनी, दंड वाहिनी शामिल थीं। जोकि घोष की ताल पर कदमताल करते नगरवासियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते चल रही थी।

संचालन में दुर्गा वाहिनी की कई बहने भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में शामिल थीं। संचलन माधवकुंज जायसवाल कालोनी से चौक बाजार, किला रोड़, गणेश दरवाजा, शिवाजी चौराहा, सरदार पटेल चौराहा होते हुए माँ बगलामुखी रोड स्थित रेन बसेरा परिसर पहुँचा। पथ संचलन मार्ग पर स्थान स्थान पर नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रेन बसेरा परिसर में दुर्गा वाहिनी की उज्जैन विभाग संयोजिका जागृति कुम्भकार ने बहिनों को संबोधित किया। इस अवसर पर विहिप के आगर जिला अध्यक्ष किशोर बैरागी, दुर्गा वाहिनी आगर जिला संयोजिका उर्मिला सरवारिया, जिला बाल संस्कार केन्द्र प्रमुख कविता कुम्भकार एवं विहिप के प्रखंड अध्यक्ष बलराम गायरी मंचासीन थे।

कार्यक्रम में जिला सह संयोजक ऋषभ गोस्वामी, जिला सत्संग प्रमुख पिंटू परमार जिला सह गौ रक्षा प्रमुख अरुण गोयल, प्रखंड पदाधिकारी उपाध्यक्ष रवि गोस्वामी,मंत्री सोनू पांचाल, सह मंत्री गोपाल कुंभकार, संयोजक धीरज पुष्पद सत्संग प्रमुख अर्पित गोठी, सेवा प्रमुख कमल चंद्रवंशी, गौ सेवा प्रमुख रामकरण गौड़ अजय पुष्पद, सचिन पुष्पद उपस्थित रहे।

सिद्धपीठ पर पहुंची कई चुनर यात्राएं





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि में सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन चुनर यात्राओं का आगमन भी हो रहा है। बुधवार को नगर के प्रतापपुरा, इंदौर, आगर सहित अन्य स्थानों से निकली कई चुनर यात्राएं सिद्धपीठ पर पहुंची। बुधवार को नगर के प्रतापपुरा से एक चुनर यात्रा निकली। जिसमें आगे आगे युवतियां व महिलाएं गरबा करती चल रही थी। उसके पीछे माता की भक्ति से सरोबार महिलाएं ढोलक की थाप पर नृत्य करते चल रही थी। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर चुनर धारण कर माता के जयकारे लगाते चल रही थीं। चुनर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहाँ भक्तों द्वारा माता रानी को चुनर समर्पित की गई। चुनर यात्रा मार्ग पर स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, वहीं कई स्थानों पर चुनर यात्रा में शामिल भक्तों का शीतल पेय व आइसक्रीम से स्वागत किया गया।



इंदौर, आगर सहित अन्य स्थानों से पहुंची चुनरी यात्रा

बुधवार को ही इंदौर, आगर सहित आसपास के कई ग्रामों की चुनर यात्राएं भी मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। सभी चुनर यात्राओं में भक्त डीजे पर थिरकते चल रहे थे। वहीं महिलाएं सिर पर चुनर धारण किए हुए थीं। इंदौर से पार्षद मलखान सिंह कुशवाहा 108 मीटर की चुनर लेकर सैकड़ों माता भक्तों के साथ पहुंचे, जहां उन्होंने माता के चरणों में चुनर समर्पित की।

खबर संक्षेप

आज सोनकच्छ में गूंजेंगे गोकुल शर्मा के भजन



सोनकच्छ। नवरात्रि के पावन पर्व पर सार्वजनिक मंच, सोनकच्छ के तत्वावधान में गुरुवार को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से एमजी रोड स्थित सार्वजनिक मंच पर आयोजित होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। भजन संध्या में श्रद्धालुओं को भक्ति संगीत का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।सार्वजनिक मंच के आयोजकों ने नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से भजन संध्या में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने तथा भक्ति संगीत का लाभ लेने की अपील की है।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 21 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

देवास। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम 'आत्मा' के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 21 अक्टूबर तक आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना संचालक (आत्मा) कमलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि उन्नत कृषि तकनीक, नवाचार, बेहतर उपज एवं उत्पादकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। विकासखंड स्तर पर 5 सर्वोत्तम कृषक को 10-10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। जबकि जिला स्तर पर 10 सर्वोत्तम कृषकों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र में 25-25 हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक कृषक विकासखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए निर्धारित आवेदन फॉर्म अपने संबंधित विकासखंड के ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालयों से प्राप्त कर सकते हैं। वर्ष 25-26 में अपनाई गई कृषि तकनीकों, कुल उपज एवं उत्पादकता के प्रामाणिक विवरण के साथ आवेदन पत्र बंद लिफाफे में जमा करना होगा।

लोकायुक्त की 13 घंटे की कार्रवाई में आय से 11 करोड़ अधिक संपत्ति का खुलासा

फिरोज के आवास सहित 15 ठिकानों पर सर्चिंग अचल संपत्तियों का बाजार मूल्य 29.73 करोड़

आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकायुक्त इंदौर उज्जैन की टीमों ने प्रधान आरक्षक फिरोज खान के ठिकानों पर दबिश दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





इंदौर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त की कार्रवाई बुधवार सुबह 6 बजे से जारी है। लोकायुक्त इंदौर और उज्जैन की संयुक्त टीम ने देवास के आदर्श नगर स्थित उनके आवास सहित कुल 15 ठिकानों पर सर्चिंग शुरू की। करीब 13 घंटे से चल रही कार्रवाई में अब तक कई चल-अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ है। लोकायुक्त के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, आरोपी की ज्ञात आय की तुलना में करीब 11 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय सामने आया है। लोकायुक्त की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, फिरोज खान को वेतन से लगभग 75 लाख रुपये की आय हुई, जबकि अन्य आय को मिलाकर कुल आय 1 करोड़ 93 लाख 84 हजार 440 रुपये आंकी गई है। इसके मुकाबले जांच में अब तक चल-अचल संपत्तियों पर करीब 12 करोड़ 95 लाख 72 हजार 28 रुपये का व्यय पाया गया है। यह राशि ज्ञात आय से लगभग 11 करोड़ 1 लाख 87 हजार 588 रुपये अधिक है। लोकायुक्त ने इसे करीब 568 प्रतिशत अनुपातहीन संपत्ति बताया है।



33 अचल संपत्तियों का खुलासा

सर्चिंग के दौरान आरोपी, उसकी पत्नी, माता, परिचित महिला रोशनी वर्मा, साहिल ट्रेडिंग कंपनी तथा अन्य नामों पर संपत्तियां होने की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार, अब तक कुल 33 अचल संपत्तियां चिह्नित की गई हैं। इनमें कुछ संपत्तियों को बेनामी होने के संदेह के दायरे में रखा गया है। इन संपत्तियों की खरीद पर करीब 11 करोड़ 57 लाख 49 हजार 818 रुपये खर्च होना पाया गया, जबकि इनका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 29 करोड़ 73 लाख 18 हजार 768 रुपये आंका गया है। जांच में रोशनी वर्मा के नाम पर करीब 21.75 बीघा कृषि भूमि का पंजीकृत एग्रीमेंट कराए जाने की जानकारी भी सामने आई है। इसके अलावा निवास से ट्रक, कार, स्कॉर्पियो, स्कूटी और मोटरसाइकिल सहित करीब नौ वाहनों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

बैंक खाते, कंपनियां भी जांच के दायरे में

लोकायुक्त को आरोपी और संबंधित लोगों के नाम पर देवास, इंदौर तथा उज्जैन के बैंकों में करीब 21 खाते मिले हैं। साहिल ट्रेडिंग कंपनी, रॉयल ग्रीन रियल एस्टेट, रोशनी सेल्स एंड सर्विस, महाराजा रियल एस्टेट और ब्लैक हॉरनेट नामक कंपनियों की जानकारी भी सामने आई है। इन कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के बैंक खातों का विवरण जुटाया जा रहा है। लोकायुक्त के अनुसार, खातों से राशि निकालने पर रोक लगाई गई है।

देवास और इंदौर में सर्चिंग जारी

कार्रवाई लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन तथा डीआईजी मनोज कुमार सिंह और इंदौर लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के मार्गदर्शन में की जा रही है। देवास में डीएसपी सुनील तालान, डीएसपी दीपक सेजवार सहित निरीक्षकों की टीम कार्रवाई में शामिल है। इंदौर में भी अलग टीम सर्चिंग कर रही है। लोकायुक्त के अनुसार, अन्य स्थानों पर तलाशी पूरी हो चुकी है, जबकि देवास और इंदौर स्थित आवासों पर कार्रवाई जारी है। जांच पूरी होने के बाद संपत्तियों और आय के संबंध में स्थिति और स्पष्ट होगी।

15 टन प्याज से भरे ट्रक की डकैती का खुलासा

पुलिस ने सात आरोपी किए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए चाकू की नोक पर 15 टन प्याज से भरे ट्रक की डकैती का 24 घंटे के भीतर खुलासा किया है। मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 30 लाख रुपये का शत-प्रतिशत मश्रुका बरामद किया गया है। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को फरियादी ओमप्रकाश श्रीवास ने टोंकखुर्द थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

वह इंदौर की चोइथराम सब्जी मंडी से 265 कट्टे प्याज लेकर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जा रहा था। रात करीब 1:30 बजे मक्सी रोड पर ग्राम सड़क पिपल्या के पास ट्रक बंद हो गया। इसी दौरान सफेद स्विफ्ट डिजायर कार से पहुंचे पांच बदमाशों ने चालक और क्लीनर के साथ मारपीट कर चाकू की नोक पर उन्हें बंधक बनाया। बदमाश नकदी, मोबाइल और प्याज से भरा ट्रक लूटकर ले गए। बाद में दोनों को देवास बायपास पर छोड़ दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पांच मिनट में सक्रिय हुई। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में मिली जानकारी पर प्याज छिपाने में सहयोग करने वाले दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने करीब 15 टन प्याज, लगभग 15 लाख रुपये कीमत का ट्रक, वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, चाकू, मोबाइल, नकदी और जीपीएस उपकरण जब्त किए हैं। जब्त मश्रुका की कुल कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है।कार्रवाई एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एएसपी गजेन्द्र सिंह वर्धमान, एसडीओपी श्यामचंद्र शर्मा और टोंकखुर्द थाना प्रभारी हितेश पाटिल सहित पुलिस टीम ने की।

मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

बाबा भंवरनाथ महाराज की धार्मिक नगरी भौरासा में शारदीय नवरात्रि का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लों, गलियों और प्रमुख चौराहों पर आकर्षक मंच सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। शाम होते ही पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी बालिकाएं और महिलाएं पारंपरिक गरबा गीतों पर नृत्य कर मां की भक्ति में लीन नजर आती हैं। परिवारों के साथ पहुंच रहे श्रद्धालु पूजा-अर्चना के साथ गरबा आयोजन का आनंद ले रहे हैं।नगर के बस स्टैंड पर न्यू लायंस क्लब, बिजासन क्लब और संस्था श्री भगवती क्लब द्वारा मां दुर्गा की स्थापना की गई है। इसके अलावा छोटा हनुमान चौक पर न्यू आराधना क्लब, खेड़ी में आदर्श क्लब, अन्नपूर्णा चौक पर गोल्डन क्लब, मां भवानी क्लब, वैष्णो देवी क्लब, न्यू श्रद्धा क्लब, स्टैंडर्ड श्री गणेश क्लब, अध्याय ग्रुप और बाबा अमरनाथ मित्र मंडल सहित विभिन्न समितियों द्वारा देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

छात्रों के आंदोलन के आगे झुका कॉलेज प्रबंधन

प्राचार्य को पदमुक्त करने की बात पर धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



माँ जिनवाणी कॉलेज ऑफ लीगल स्टडीज में शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर विद्यार्थियों का विरोध बुधवार को समाप्त हो गया। विद्यार्थियों के आंदोलन के बाद कॉलेज प्रबंधन ने प्राचार्य असीम कानूनगो को पदमुक्त करने तथा अन्य मांगों का जल्द निराकरण करने की बात कही। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। विद्यार्थियों ने 8 अक्टूबर को कॉलेज प्रशासन को 41 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर 13 अक्टूबर तक समस्याओं का निराकरण करने की मांग की थी। मांगें पूरी नहीं होने पर 14 अक्टूबर से कॉलेज में तालाबंदी और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी। तय समय-सीमा में समाधान नहीं होने पर बुधवार को विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए घेराव किया और नारेबाजी की। विरोध बढ़ने पर कॉलेज ट्रस्टी प्रकाश अजमेरा विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने प्राचार्य असीम कानूनगो को पदमुक्त करने तथा विद्यार्थियों की अन्य मांगों का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। हालांकि, विद्यार्थी केवल आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए और तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।गणाचार्य के वीडियो संदेश के बाद समाप्त हुआ आंदोलनमामले के बढ़ने पर ट्रस्टी प्रकाश अजमेरा ने पुष्पगिरि तीर्थ के गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज को विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद गणाचार्यश्री ने वीडियो संदेश जारी कर प्राचार्य असीम कानूनगो को पदमुक्त करने की बात कही। प्राचार्य को पदमुक्त करने और अन्य मांगों के जल्द निराकरण की बात सामने आने के बाद विद्यार्थियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।विद्यार्थियों ने 41 सूत्रीय ज्ञापन में विधि पुस्तकालय, मूट कोर्ट, कंप्यूटर लैब, पेयजल, शौचालय, कक्षाओं में आवश्यक सुविधाएं, भवन की मरम्मत, परिसर की साफ-सफाई, व्यावहारिक प्रशिक्षण और डिजिटल संसाधनों से जुड़ी समस्याएं उठाई थीं। विद्यार्थियों ने कॉलेज भवन की कुछ दीवारों में दरारें और प्लास्टर उखड़ने जैसी समस्याओं की ओर भी ध्यान दिलाया था। विद्यार्थियों के आंदोलन को एनएसयूआई एवं कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने समर्थन दिया। इनमें जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पंवार, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष राहुल ठाकुर, बलवान सिंह कुशवाह, हितेश बिजोनिया, विजय परमार और बनेसिंह सिंह अस्थाया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

सर्वर डाउन होने से खाद वितरण ठप, किसानों ने किया हंगामा, एसडीएम ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के मंडी रोड स्थित खाद वितरण केंद्र पर सर्वर डाउन होने से किसानों को घंटों इंतजार के बाद भी खाद नहीं मिल सका। खाद वितरण रुकने से नाराज किसानों ने हंगामा करते हुए कुछ देर के लिए मंडी रोड पर बैठकर विरोध जताया।

सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीएम अभिषेक शर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी। किसानों का कहना था कि वे दूर-दराज के गांवों से खाद लेने के लिए देवास आए हैं। सुबह 9 बजे से केंद्र पर इंतजार करने के बावजूद दोपहर 2 बजे तक उन्हें खाद नहीं मिला। सर्वर की समस्या के कारण वितरण प्रक्रिया बाधित रही, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। किसान गोविंद प्रजापति सहित अन्य किसानों ने बताया कि वे खाद लेने के लिए काफी देर से इंतजार कर रहे हैं। सर्वर चालू नहीं होने से उनके टोकन बेकार होने की आशंका भी बनी हुई है।

किसानों ने जल्द खाद वितरण शुरू करने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस बल के साथ एसडीएम अभिषेक शर्मा और मंडी सचिव अरविंद परिहार खाद वितरण केंद्र पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी परेशानी जानी। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि सर्वर ठीक होने के बाद किसानों को टोकन के आधार पर खाद वितरित किया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने विरोध समाप्त कर दिया।सर्वर की तकनीकी समस्या के चलते खाद वितरण प्रभावित होने से किसानों का समय बर्बाद हुआ। दूरस्थ गांवों से आए किसानों को बिना खाद मिले इंतजार करना पड़ा।

गरबा प्रतियोगिता में पूर्व मंत्री वर्मा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन मंगलवार को शक्ति माता मंदिर परिसर में जेएमडी ग्रुप द्वारा गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न गरबा मंडलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मालवा की धरती पर गुजराती गरबा संस्कृति की छटा देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत मां शक्ति की आरती से हुई, जिसमें पूर्व मंत्री एवं सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मनोज राजानी, सूरज सिंह ठाकुर, पोप सिंह सेंधव, महेंद्र सिंह तालोद, बने सिंह अस्थाया, विजय परमार, मिथुन यादव और जीवन सिंह ठाकुर सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में राधा-कृष्ण संग बालिका गरबा महोत्सव, मां सारणी गरबा मंडल, इवेंट इंदौर, जेएमडी गरबा मंडल, श्रीनाथ गरबा मंडल, श्रीजी पब्लिक स्कूल गरबा मंडल, आदर्श क्लब गरबा मंडल, रानी अवंतिका बाई लोधी गरबा मंडल और अध्याय ग्रुप गरबा मंडल सहित विभिन्न समूहों ने प्रस्तुतियां दीं।

सभी टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। पूर्व मंत्री वर्मा की ओर से प्रत्येक टीम को 10-10 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

उज्जैन रोड पर वन-वे यातायात व्यवस्था लागू करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ऋतु राज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोद ने जिले की यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, दुर्घटनाओं की रोकथाम, क्षतिग्रस्त मार्गों के संधारण तथा विभिन्न विभागों से संबंधित कानून-व्यवस्था के विषयों, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संबंधी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन-धोखाधड़ी एवं अवैध खनन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की।

कलेक्टर सिंह ने नवरात्रि पर्व के दौरान देवास स्थित माता टेकरी पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुगम यातायात, व्यवस्थित पार्किंग एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम, परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस को दिए। उन्होंने कहा कि शनिवार एवं रविवार को श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर सिंह ने उज्जैन रोड पर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए यातायात जाम के चलते वन-वे यातायात व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि देवास से उज्जैन जाने वाले वाहन निर्धारित मार्ग से जाएंगे तथा उज्जैन से आने वाले वाहनों को अन्य मार्गों से डायवर्ट किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जहां अतिक्रमण हटाने एवं लाइट शिफ्टिंग की आवश्यकता है, वहां भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अवैध कट-पॉइंट हटाने के निर्देश

बैठक में यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी। बीते एक माह में कुल 11 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 5 दुर्घटनाएं देवास शहर में तथा 6 दुर्घटनाएं जिले के अन्य क्षेत्रों में हुईं। देवास शहर में एक दुर्घटना पेट्रोल पंप के पास अवैध कट-पॉइंट बनाए जाने के कारण होने की जानकारी पर कलेक्टर सिंह ने संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने, नोटिस जारी करने तथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मक्सी बायपास चौराहे पर किए गए अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं मध्य प्रदेश सड़क निर्माण नियम के मार्गों पर अवैध कट-पॉइंट चिह्नित कर हटाने तथा आवश्यकता के अनुसार उचित यातायात संकेतक एवं साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।बैठक में एल-5 लाइसेंसधारियों की मासिक निरीक्षण रिपोर्ट एवं धारा 133 सीआरपीसी के अंतर्गत की गई कार्रवाई की थानावार समीक्षा भी की गई। दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सिंह ने ग्रामवार एवं नगरीय निकायवार पटाखा दुकानों के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन करने तथा तैयारियां समय पर पूर्ण करने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में ननि आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी गजेन्द्र सिंह वर्धमान, एएसपी ट्रैफिक एच.एन. बाथम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, पुलिस अधिकारी, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कमलापुर पुलिस ने अपहृत नाबालिग को खोजा, दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



ऑपरेशन मुस्कान तहत कमलापुर पुलिस ने अपहृत 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को राहत पहुंचाई। पुलिस के अनुसार, फरियादी ने 6 अक्टूबर को कमलापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को 2 अक्टूबर को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में टीम गठित कर बालिका की तलाश की गई।

पुलिस टीम ने 9 अक्टूबर को ग्राम विशाली, उदयनगर से बालिका को आरोपी अमित पिता हजारीलाल भील (20), निवासी पिवड़ाय के कब्जे से दस्तयाब किया। पुलिस के मुताबिक, बालिका के कथनों और न्यायालय के समक्ष दिए गए बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपी अमित भील को गिरफ्तार कर न्यायालय बागली में पेश किया गया। साथ ही आरोपी को अपने कमरे में ठहराने और संरक्षण देने के आरोप में उसके साथी जुवान सिंह पिता कुंवरसिंह भील (37), निवासी ग्राम विशाली, को भी गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक अरुण आर्य, भगवती प्रसाद खरे, रायचंद झोड़िया, सत्यप्रकाश मिश्रा, आरक्षक वंदना प्रजापत की सराहनीय भूमिका रही।

खबर संक्षेप

बाइक सवार की मौत, 9 दिन बाद मुकदमा दर्ज

ललितपुर। ललितपुर-सागर हाईवे पर दीपचंद्र कॉलेज कट के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार एवं अन्य धार्मिक क्रियाकर्म संपन्न करने के बाद मृतक के भाई ने 13 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुमरौल निवासी सोबरन पुत्र श्यामलाल ने बताया कि उनके 48 वर्षीय भाई दरयाव सिंह 4 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 के 5756 से घर का सामान लेकर वापस लौट रहे थे। जब वह ललितपुर- सागर हाईवे पर दीपचंद्र कॉलेज कट के पास पहुंचे, तभी कार संख्या एमपी 15 सीबी 0055 के चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दरयाव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। तहरीर के मुताबिक, उसी समय पीछे से आ रहे गांव के अजीत कुमार और सुरेंद्र ने हादसा देखा और घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दरयाव सिंह को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

रेलवे स्टेशन से पॉइंट्समैन की बाइक चोरी

ललितपुर। ललितपुर रेलवे स्टेशन परिसर से ड्यूटी पर तैनात एक रेलवे कर्मचारी की मोटर साइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल नई स्टेशन बिल्डिंग के मुख्य गेट के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं लगने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा की राजपूत कॉलोनी निवासी मयंक कुमार नामदेव पुत्र घनश्याम दास ललितपुर रेलवे स्टेशन पर पॉइंट्समैन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर 2026 को उनकी ड्यूटी रात्रि पाली में रात 12 बजे से सुबह आठ बजे तक थी। सुबह करीब तीन बजे थर्ड लाइन में झांसी एंड की ओर ट्रैक ड्रॉप होने के कारण उन्हें गाडिय़ों के संचालन में अपनी मोटर साइकिल का उपयोग करना पड़ रहा था। थर्ड लाइन में डीएन दिशा में जाने वाली गाड़ी संख्या पीएलबीआर को लाइन क्लियर देने के बाद उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नई स्टेशन बिल्डिंग के मुख्य गेट के बाहर खड़ी कर दी। इसके बाद वह अगले आदेश की प्रतीक्षा में डीवाईएसएम कार्यालय चले गए। मयंक कुमार ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे जब वह वापस मुख्य गेट के बाहर पहुंचे तो मोटर साइकिल अपने स्थान पर नहीं मिली। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

अपर निदेशक स्वास्थ्य के निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

आशाओं के कार्य बहिष्कार करने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए बुधवार को अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. आरके सोनी ने जनपद के बार ब्लॉक क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारौन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं के कार्य बहिष्कार के कारण अभियान की गतिविधियां प्रभावित होती मिलीं। इस स्थिति को देखते हुए अपर निदेशक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को अभियान के तहत जिम्मेदारियां निभाने और कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि संचारी रोगों की रोकथाम और जनजागरूकता संबंधी गतिविधियां प्रभावित न हों।

बिजली-पानी की समस्या का भी लिया संज्ञान



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारौन के निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा.केतन ने केंद्र में बिजली और पानी की समस्या से अपर निदेशक को अवगत कराया। डा. सोनी ने मौके पर मौजूद मरीजों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मैडलीपर पर मेडिकोलीगल का कार्य नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई। इस पर अपर निदेशक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर निर्देश दिए कि मेडिकोलीगल संबंधी कार्य निर्धारित व्यवस्था के अनुसार मैडलीपर पर ही संपन्न कराया जाए।

डा. सोनी ने स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी, आईपीडी, पैथोलॉजी लैब और इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की सराहना करते हुए परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार में अपर निदेशक ने चिकित्सा अधीक्षक डा.केतन द्वारा कराए गए नए प्रशासनिक ब्लॉक के नवीनीकरण का भी जायजा लिया। ब्लॉक के आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप की उन्होंने सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

जुगपुरा वार्ड में सीसी सड़कों और नालियों का लोकार्पण

नपाध्यक्ष ने किया उदघाटन, जलभराव व कीचड़ की समस्या से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद की ओर से वार्डों में विकास कार्यों को गति देते हुए बुधवार को वार्ड नंबर आठ के जुगपुरा मोहल्ले में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित पांच सीसी सड़कों एवं नालियों का लोकार्पण नपाध्यक्ष सोनाली जैन और वार्ड पार्षद उदय प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली सहित मूलभूत सुविधाओं का विकास कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। जुगपुरा में खराब सड़कों के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन निर्माण कार्यों को पूरा कराया गया है। इससे लोगों को सुविधा मिलेगी और जलभराव व कीचड़ की समस्या से राहत मिलने में मदद मिलेगी।

पालिका की ओर से मंगल रेजीडेंसी में सीताराम आटा चक्की से अनिल झां के मकान होते हुए मनमोहन दुबे के मकान तक, जया मेडिकल स्टोर से वृंदावन प्रजापति के मकान की ओर, जितेंद्र झां के मकान से पंचम यादव के मकान की ओर, रजक के मकान से प्रमोद प्रजापति के मकान की ओर तथा काली माता मंदिर के पास रामविलास के मकान से दस्सू कुशवाहा के मकान होते हुए सरदार जी के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराए गए हैं। मोहल्लेवासियों ने कहा कि नई सड़कों से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। नालियों के निर्माण से जलनिकासी व्यवस्था में भी सुधार की उम्मीद है। लोगों ने विकास कार्यों के लिए पालिका अध्यक्ष और पार्षद के प्रति आभार जताया।

समान कार्य व समान वेतन की मांग

एनएचएम संविदा कर्मचारियों का फिरोज के आह्वान पर अनिश्चितकालीन आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। एनएचएम की मुखिया रजिया फिरोज के आह्वान पर संविदा कर्मचारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन देने और संविदा कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। जिले में स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत करीब 385 संविदा कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं। कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय परिसर में दिनभर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन समान कार्य के बावजूद उन्हें समान वेतन और स्थायी सेवा का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी के विरोध में उन्होंने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। उनकी हड़ताल 8 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन रूप से जारी है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा।

लखनऊ में भी शुरू हुआ धरना, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन के बाद अब कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर लखनऊ में भी धरना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि सरकार का ध्यान आकर्षित करने और लंबित मांगों पर निर्णय कराने के लिए आंदोलन जारी रखा जाएगा। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जिले की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की बात सामने आई है। मेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में कामकाज पर असर पडऩे से मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संविदा कर्मचारियों की भूमिका स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण होने के कारण हड़ताल का असर चिकित्सा व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। हालांकि, आवश्यक सेवाओं की वास्तविक स्थिति और प्रभावित इकाइयों का आधिकारिक विवरण उपलब्ध नहीं हो सका।

संविदा कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में समान कार्य के लिए समान वेतन, संविदा कर्मचारियों को स्थायी करना तथा उनकी सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान शामिल है। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि आंदोलन समाप्त हो सके और स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य रूप से संचालित हो सकें।

वार्ड नंबर 17 के लोगों ने समस्या को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

पाइपलाइन बिछाए बिना सड़क निर्माण की तैयारी शुरू की, हर घर जल योजना का काम 10 माह से अधूरा पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के सिविल लाइन मोहल्ले में हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम करीब 10 महीने से अधूरा पड़ा होने के कारण स्थानीय लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि बाबूलाल चौकीदार के सामने वाली गली में पाइपलाइन बिछाए बिना ही सड़क निर्माण कराने की तैयारी की जा रही है। इससे नाराज वार्ड नंबर 17 के निवासियों ने अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे/हर घर जल योजना) को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण से पहले पाइपलाइन बिछाने और घरों तक पेयजल कनेक्शन पहुंचाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हर घर जल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य लंबे समय से अधूरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से कई बार कार्य पूरा कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बावजूद पाइपलाइन बिछाए बिना सड़क निर्माण की तैयारी की जा रही है।

क्षेत्रवासियों ने आशंका जताई कि यदि पहले सड़क बना दी गई और बाद में पाइपलाइन डालने की जरूरत पड़ी, तो नवनिर्मित सड़क को दोबारा खोदना पड़ेगा। इससे सरकारी धन का अनावश्यक अपव्यय होगा और लोगों को भी आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने मांग की कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर पहले पाइपलाइन का काम पूरा कराएं और उसके बाद ही सड़क निर्माण कराया जाए। पाइप लाइन का कार्य अधूरा होने से लगभग 22 से 25 परिवारों के घरों तक पेयजल कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है। इसके चलते इन परिवारों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हर घर जल योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन कार्य में देरी के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से अपर जिलाधिकारी से मांग की गई कि संबंधित कार्यदायी संस्था, जल निगम और ठेकेदार को आवश्यक निर्देश जारी कर पाइपलाइन बिछाने का काम जल्द पूरा कराया जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को घरेलू पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी ललितपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा अधिशासी अभियंता जल निगम को भी भेजी गई है।

दिशा-निर्देश जारी, 23 अक्टूबर को होगा मतदान

स्नातक एमएलसी चुनाव में मतदाता बिना पहचान पत्र के नहीं डाल सकेंगे अपना वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 में फर्जी मतदान और मतदाता प्रतिरूपण रोकने के लिए निर्वाचन आयोग ने पहचान संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आगामी 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले मतदान में प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र पर अपनी पहचान स्थापित करनी होगी। इसके लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि किसी मतदाता के पास मूल वोटर आईडी उपलब्ध नहीं है, तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 10 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज दिखाकर अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेगा। रिटर्निंग ऑफिसर एवं झांसी मंडल के आयुक्त बिमल कुमार दुबे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, मतदान के दौरान मतदाताओं की पहचान का सत्यापन किया जाएगा। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान के दिन निर्धारित पहचान पत्र साथ लेकर पहुंचें, ताकि मतदान प्रक्रिया में अनावश्यक परेशानी न हो। मूल मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहने वाले मतदाता निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। इसमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य सरकार, केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), स्थानीय निकायों या निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र, सांसदों, विधायकों और पार्षदों को जारी सरकारी पहचान-पत्र, संबंधित शिक्षक या स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के नियोजित मतदाताओं को शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी मूल डिग्री या डिप्लोमा प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल किये गये हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने 13 अक्टूबर को पत्र के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारी, जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को इन निर्देशों से अवगत करा दिया है। अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

वृद्धाश्रम और संप्रेक्षण गृह में बांटे फल

एडीएम व एएसपी ने वृद्धजनों व बच्चों से संवाद किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत बुधवार को अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने मदर टेरेसा वृद्धाश्रम एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह पहुंचकर वृद्धजनों और बच्चों को फल वितरित किए। इस पहल के माध्यम से अधिकारियों ने समाज के जरूरतमंद एवं संवेदनशील वर्गों के प्रति संवेदनशीलता, आत्मीयता और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद में मिशन शक्ति फेज-6 अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों तथा राजकीय संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों के बीच पहुंचकर फल वितरित किए।

नवरात्रि पर सर्वेश्वर धाम में ब्रज विलास कथा का आयोजन

मां भगवती की आराधना से भक्तिमय हो रहा वातावरण, श्रद्धालु ले रहे कथा का आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती की आराधना के साथ संगीतमय ब्रज विलास कथा का भव्य आयोजन सर्वेश्वर धाम मंदिर, ललितपुर में किया जा रहा है। धार्मिक वातावरण में आयोजित कथा से श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का संचार हो रहा है। मां भगवती की महिमा एवं ब्रज की भक्ति परंपरा से जुड़ी इस संगीतमय कथा के माध्यम से धर्म, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया जा रहा है। नवरात्रि के अवसर पर मां भगवती की पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सर्वेश्वर धाम मंदिर में संगीतमय ब्रज विलास कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आयोजन से मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

श्रद्धालु धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा के मुख्य यजमानों में महेश सिरौठिया, कौशल किशोर



गोस्वामी, एडवोकेट जगदीश गोस्वामी, देवी शंकर कटारे, संतोष नारायण शर्मा, पुनीत नगाइच, रामकिशोर निरंजन, जेई अमित कुमार, रामनारायण, सुरेश चंद्र पांडेय, अशोक सक्सेना, अशोक नामदेव, अनुराग गोस्वामी, संतोष रैकवार, मुन्नी देवी, गीता रैकवार, सोहनी निरंजन, विमला पटैरिया एवं निकुंज सखी शामिल हैं। इस धार्मिक आयोजन में महंत गिरीश बाबा का सानिध्य बना हुआ है। सर्वेश्वर धाम मंदिर में आयोजित यह कथा नवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक भक्ति और धर्म लाभ का विशेष अवसर प्रदान कर रही है।

दशहरा की तैयारियों को लेकर रामलीला समिति ने सौंपा ज्ञापन, क्षतिग्रस्त सड़कों और बाउंड्री की मरम्मत की मांग

20 को भगवान रघुनाथजी की शोभायात्रा, होगा रावण वध व पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दशहरा पर्व के व्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने बुधवार को अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, नपाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समिति ने दशहरा पर्व से पूर्व रामलीला मैदान की सफाई, समतलीकरण, क्षतिग्रस्त बाउंड्री के निर्माण, जर्जर सड़कों एवं पुलिया की मरम्मत तथा सुरक्षा, यातायात, अग्निशमन, एंबुलेंस और जल व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की।

समिति ने ज्ञापन में बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व 20 अक्टूबर, मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शाम 4:30 बजे रघुनाथ जी मंदिर चौबेयाना से भगवान रघुनाथ जी की



शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूर्व निर्धारित मार्ग में शहजाद नदी पुल के निर्माण के चलते परिवर्तन किया गया है। अब शोभायात्रा आजाद चौक से नदीपुरा स्थित पुराने पुल, लालतेश्वरी मंदिर एवं कुश-कुटी होते हुए पुराने मवेशी बाजार से गोविंद नगर स्थित रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां रावण वध एवं पुतला दहन की लीला का मंचन किया जाएगा। 18 अक्टूबर, रविवार को रामेश्वर पूजन के लिए शाम चार बजे रघुनाथ जी मंदिर चौबेयाना से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नदीपुल स्थित सेतुबंध रामेश्वरम मंदिर तक पहुंचेगी। इस धार्मिक आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति ने प्रशासन से 18 से 20 अक्टूबर तक आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

नपाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में समिति ने बताया कि रामलीला मैदान में मंच की ओर की बाउंड्री क्षतिग्रस्त है। दशहरा जैसे बड़े पर्व को देखते हुए इसका निर्माण त्योहार से पहले कराया जाना आवश्यक है। इसके अलावा शहजाद नदी पुल के निर्माण के कारण परिवर्तित शोभायात्रा मार्ग में पुराने मवेशी बाजार की सड़क एवं पुलिया क्षतिग्रस्त हैं। मार्ग के समतलीकरण और आवश्यक मरम्मत कार्य समय से पूरे कराने की मांग की गई, ताकि शोभायात्रा और रामलीला मंचन के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक से 18 अक्टूबर को रामेश्वर पूजन एवं 20 अक्टूबर को शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल और यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। साथ ही 18 से 20 अक्टूबर तक रामलीला मैदान में स्थापित किए जाने वाले पुतलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

जिलाधिकारी से संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर मैदान की सफाई, समतलीकरण, अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने का आग्रह किया गया।

यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने किया राजगढ़ जिले का भ्रमण

बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण व परिवार सशक्तीकरण के प्रयासों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा परिवारों के सशक्तीकरण के उद्देश्य से जिले में किए जा रहे प्रयासों का जायजा लेने के लिए यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ़ जिले का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, किशोरों एवं युवाओं, विभिन्न शासकीय विभागों, न्यायिक अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से संवाद कर बाल संरक्षण की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में सुश्री शीमा सेन गुप्ता, ग्लोबल डायरेक्टर, चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड माइग्रेशन सुश्री मिलन किडाने, प्रमुख, चाइल्ड प्रोटेक्शन, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस शर्मिला रे, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस श्री लोलिचेन पी.जे., चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट तथा श्री गोविंद बेनीवाल, चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर, यूनिसेफ मध्य प्रदेश कार्यालय शामिल रहे।



जिले में बाल विवाह के मामलों में आई उल्लेखनीय कमी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) एवं एनएफएचएस-6 के आंकड़ों के अनुसार, राजगढ़ जिले में 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की उन महिलाओं का अनुपात, जिनका विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले हुआ था, 46 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गया है। यह जिले में बाल विवाह की रोकथाम की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणामों को रेखांकित करता है। इस प्रगति को स्थायी सामाजिक बदलाव में परिवर्तित करने के लिए निरंतर जनजागरूकता, किशोर-किशोरियों का सशक्तिकरण, समुदाय की सक्रिय भागीदारी, जोखिमग्रस्त बच्चों की समय पर पहचान तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा व पुलिस अधीक्षक तोलानी से की मुलाकात



भ्रमण के प्रथम चरण में यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले से कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण एवं परिवार सशक्तिकरण संबंधी प्रयासों, बाल विवाह की रोकथाम की रणनीतियों तथा आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान जोखिमग्रस्त बच्चों एवं परिवारों की समय रहते पहचान करने, उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने तथा प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायतों के समन्वित प्रयासों को प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और किशोर-किशोरियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर बाल संरक्षण तंत्र को और सुदृढ़ बनाने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बनानिया ग्राम पंचायत में किशोरों व युवाओं से किया संवाद

प्रतिनिधिमंडल ने बनानिया ग्राम पंचायत का भ्रमण कर बनानिया सहित तीन अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचायत सचिवों, शिक्षकों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा किशोरों एवं युवाओं से संवाद किया। इस दौरान बाल विवाह के सामाजिक कारणों, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा की निरंतरता तथा बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के निर्माण में स्थानीय समुदाय की भूमिका पर चर्चा की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में बाल अधिकारों एवं सुलभ न्याय पर मंथन

भ्रमण के अंतिम चरण में प्रतिनिधिमंडल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवदत्त ने की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलिमा देवेदत्त ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न शासकीय विभागों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को सुलभ, संवेदनशील एवं बाल-केंद्रित न्याय उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा की गई।

समन्वित प्रयासों से सुरक्षित बचपन की दिशा में बढ़ेंगे कदम

यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल का राजगढ़ जिले का भ्रमण बाल संरक्षण को प्रशासन, परिवार, समुदाय, ग्राम पंचायत, विद्यालय एवं न्यायिक व्यवस्था की साझा जिम्मेदारी के रूप में सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्तरों पर हुए संवाद में बाल विवाह की रोकथाम, किशोर-किशोरी सशक्तीकरण, परिवारों को मजबूत बनाने तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को न्याय एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता सामने आई। बच्चों के सुरक्षित भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा विभिन्न संस्थाओं के बीच प्रभावी समन्वय के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

चल समारोह के दौरान हादसा

वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका गंभीर घायल हुई



हादसे के बाद वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ संडावता मार्ग स्थित ग्राम जमुनागंज में सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया। घायल बालिका को परिजन तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, ग्राम जमुनागंज में बंजारा समाज के रूपसिंह महाराज बालाजी मंदिर के बोर्ड स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कार्यक्रम के तहत गांव में चल समारोह निकाला जा रहा था। इसी दौरान पड़ल्या माता की ओर से आ रही क्रेटा कार ने 08 वर्षीय रिया पिता ईश्वर सुरावत, निवासी जमुनागंज, को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालिका गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी।

ग्रामीणों ने वाहन रोकने का किया प्रयास

हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। खबर लिखे जाने तक बालिका रिया की हालत गंभीर बताई जा रही थी। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक की पहचान और हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

आकर्षक एवं मनमोहक गरबों की प्रस्तुतियों के साथ हो रही माता की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गांधी नगर स्थिति नव दुर्गा गरबा समिति द्वारा भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन अपार उत्साह के साथ किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन माताओं एवं बहनों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक और मनमोहक गरबों की प्रस्तुतियाँ दी जा रही हैं, जिससे संपूर्ण प्रांगण भक्तिमय माहौल से सराबोर है। नवरात्रि पर्व के तीसरे दिन माँ दुर्गा की महाआरती का में भाजपा के वरिष्ठ नेता मदनलाल राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली एवं भाजपा युवा नेता बंटी चौहान उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, समिति के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में





मौजूद श्रद्धालु भक्तों ने मिलकर माता रानी की आरती की और सभी के सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व हमारी सनातन संस्कृति, अटूट आस्था और नारी शक्ति की आराधना का अनुपम प्रतीक है। गरबा महोत्सव जैसे आयोजन न केवल समाज को एकता के सूत्र में बांधते हैं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को अपनी समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का भी एक अत्यंत सराहनीय प्रयास हैं। इस दौरान अतिथि स्वागत समिति संरक्षक कुशाल सिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणावत, गोवर्धन सिंह सोलंकी, मनोहर लाल चौहान, मार्गदर्शक रघुवीर सिंह देवड़ा, के सी शर्मा, प्रेमचंद बामणिया, बालमुकुंद दुबे, सत्यनारायण राव, मदन मालवीय, अशोक गौड, धर्मपाल सिंह देवड़ा, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष रामनारायण प्रजापति, उपाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, भोला भारती सोनी, सुरेश जोशी, जगदीश मालवीय, कोषाध्यक्ष सुनील बसेर, सचिव रतन लाल चौहान, सह सचिव पूरनमल प्रजापति, संचालनकर्ता हस्तीमल सांखला, जितेंद्र सिंह सोलंकी, व्यवस्थापक मुकेश गुर्जर, नवीन तिवारी, बिंदुपाल सिंह राठौर तथा सदस्य सुरेश शर्मा, बाबूलाल डांगी, भेरूलाल सांवरा, विजेंद्र सिंह चुण्डावत एवं सुरेंद्र सिंह ने किया।

शारदीय नवरात्रि का पर्व

नवयुवक उत्सव समिति ने की मां बीजासन की प्रतिमा स्थापित



> श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर तलेनी में नवयुवक उत्सव समिति के तत्वावधान में मां बीजासन माता की छवि स्वरूप प्रतिमा की स्थापना की गई। नवरात्रि के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापित होने से गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों और श्रद्धालुओं से नवरात्रि के दौरान तलेनी पहुंचकर मां बीजासन माता के दर्शन करने तथा पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। इन दिनों श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस धार्मिक आयोजन में पवन पुष्पद, रवि पुष्पद, अजय पुष्पद, विशाल पुष्पद, राहुल पुष्पद, मनीष पुष्पद, सोनू पुष्पद, रोहित पुष्पद, दीपक पुष्पद, संदीप पुष्पद, राजा पुष्पद, पंकज पुष्पद, सुमित, आदेश पुष्पद, निर्मल पुष्पद, जय पुष्पद सहित समस्त फूलमाली समाज का सहयोग एवं सहभागिता है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से माता के दर्शन के लिए पधारने का कहा है।

मां चंद्रघंटा का विधिवत पांच उपचार से पूजन किया

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा की सानिध्य में नवरात्रि के चलते तृतीय दिवस के अवसर पर मां चंद्रघंटा का विधिवत पांच उपचार से पूजन किया गया एवं श्री सूक्त के पाठ से श्रद्धालुओं द्वारा पूजन करवाया गया तथा कवच अर्गला कीलक स्रोत का पाठ किया गया। कार्यक्रम में तीन कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया तथा अन्य कन्या ब्राह्मणों का आदर सत्कार किया गया। कन्या पूजन का सौभाग्य धर्मेंद्र यादव को प्राप्त हुआ एवं सीताराम ने पूजन करवाया। यहां पर प्रतिदिन कन्याओं का पूजन तिथि के अनुसार किया जाता है मार्कंडेय पुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि मां दुर्गा जी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन आराधन किया जाता है इनका यह स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है इनकी मस्तक में घंटा के आकार का अर्ध चंद्र है।

खबर संक्षेप

संतों व दीन-दुखियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्यकर्म : प्रत्यक्षरत्नविजय

मंदसौर। जीवन में संतों व दीन दुखियों की सेवा से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। धर्मबिन्दू ग्रंथ में शास्त्रकार श्री हिरसूरिश्वरजी म.सा. ने अतिथि सेवा व दिन सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कहा है। धर्मबिन्दू शास्त्र के अतिथि से तात्पर्य मेहमान से नहीं बल्कि ऐसे साधु साध्वी जिनके लिए सभी तिथियां पर्व तिथि के समान हो उसे अतिथि अर्थात संत माना गया है। जीवन में जब भी किसी श्रावक श्राविका को अवसर मिले संत सेवा व दिन दुखियों की सेवा में अग्रणी रहना चाहिए। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयी म.सा. ने कहे। आपने बुधवार को यहां धर्मसभा में कहा कि जीवन में पाप कर्म व पुण्य कर्म दोनों का जो बैलेंस होता है वह हमारे जीवन को प्रभावित करता है। जब मनुष्य का पुण्य कर्म प्रबल होता है तो समय उसका साथ देता है और वह सफलता प्राप्त करता है। जीवन में जब पुण्य कर्म का बैलेंस कम हो जाता है तथा पाप कर्म का बैलेंस बढ़ जाता है तो उसका जीवन दुख भरा व कठिन हो जाता है। शास्त्रकार हिरसूरिश्वरजी म.सा. ने सामान्य धर्म पर चर्चा करते हुए धर्मबिन्दू ग्रंथ में बताया है कि मनुष्य ने अपनी स्थिति विचित्र कर दी है उसे स्वयं की नहीं बल्कि दूसरे की चिंता रहती है। उसे स्वयं क चिंता ही होती तो मनुष्य पुण्य कर्म के बैलेंस को बढ़ाता पाप कर्म के बैलेंस को नहीं।

जल संसाधन विभाग के तालाबों से एक लाख 65 हजार से अधिक हेक्टेयर में रबी सिंचाई की जाएगी

मंदसौर। जिले में वर्ष 2026-27 में रबी फसलों के लिए एक लाख 65 हजार 87 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी। उक्त जानकारी बुधवार को आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में दी गई। बैठक में सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विजेंद्र सिंह डोडवे आदि उपस्थित थे। बैठक में विधायक डंग ने शामगढ़ सिंचाई परियोजना तथा कृषक हित में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए। डंग ने कहा कि रबी के दौरान सिंचाई के लिए किसानों को प्रत्येक संभव मदद दी जाए किसानों को कोई दिक्कत नहीं हो। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जल संसाधन विभाग को सुनियोजित ढंग से कार्य योजना तैयार करके रबी सिंचाई में किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कार्यपालन यंत्री डोडवे ने बताया कि वर्ष 2026-27 में जिले में रबी फसलों के लिए चार सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की जाएगी।

जीवन में ब्रह्मचर्य का महत्व समझोः विरल विजयजी

मंदसौर। शांतसुधारक शास्त्र में उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. ने धर्म के चार प्रकार बताते हुए शील अर्थात ब्रह्मचर्य का महत्व बताया है। दान के बाद धर्म का सबसे महत्वपूर्ण स्वरूप है शील अर्था ब्रह्मचर्य। मानवी को अपने जीवन में ब्रह्मचर्य का महत्व समझना चाहिए। शास्त्रकार ने पर स्त्री गमन व पर पुरुष से दूर रहने वाली स्त्री को भी ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला बताया है। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. ने कहे। आपने बुधवार को यहां धर्मसभा में कहा कि जैन धर्म में 16 सतियों के ब्रह्मचर्य को अद्भुत बताया गा है। पर स्त्री व पर पुरुष का स्वप्न में भी ख्याल नहीं लाने वाले ही वास्तव में ब्रह्मचर्य कहलाने के योग्य है पतिव्रता स्त्री जो होती है वह अपने पति का सुख दुख दोनों में साथ देती है। जहां ब्रह्मचर्य है वही सुखी जीवन है। ब्रह्मचर्य को मोक्ष के पाने का मार्ग बताया है जीवन में पर स्त्री या पर पुरुष के प्रति कोई मोह नहीं रखना चाहिए अपनी पत्नि या पति को छोड़कर जो भी संबंध बनता है वह व्यभिचार की श्रेणी में आता है इसलिए ऐसे संबंधों से प्रत्येक विवाहित स्त्री या पुरुष को दूर रहना चाहिए। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

विधायक मुकेश टंडन ने सुनीं जनसमस्याएं

विदिशा। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को विदिशा मुकेश टंडन ने भाजपा के सहयोग सेल के माध्यम से नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों और व्यापारियों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक टंडन ने आवेदकों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला भाजपा संगठन की ओर से सहयोग सेल में मुकेश चौकसे और डॉ. राहुल जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार गुप्ता, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री, सुरेंद्र चौहान, संतोष पेंटर और कौशल अहिरवार सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। भाजपा संगठन के अनुसार सहयोग सेल जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है। इसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान कराना संगठन की प्राथमिकता है।

दशपुर रंगमंच ने सुरमई शाम में दी गायक किशोर कुमार को स्वरांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



नगर की प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा संगीतमय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महान एवं प्रसिद्ध गायक स्व. किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर उनके अमर गीतों के माध्यम से उन्हें भावांजलि व स्वरांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने किशोर दा के एक से बढ़कर एक सदाबहार नगमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतमय संध्या का शुभारंभ सतीश सोनी द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय गीत 'दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा' से हुआ। इसके पश्चात आबिद शाह ने भावपूर्ण स्वर में 'जिन्दगी का सफर है ये कैसा सफर' प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्याम गुप्ता ने 'ओ हंसिनी कहां उड़ चली', ललिता मेहता ने 'ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना' और आशा तरवेचा ने 'मेरे दिल में आज क्या है' गीत गाकर समां बांध दिया।

इसी श्रृंखला में लोकेन्द्र पाण्डे ने 'रात कली एक ख्वाब में आई', डॉ. निलेश नगायच ने 'कोई रोको न दीवाने को' तथा पूजा डुग्गड़ ने 'जिन्दगी के सफर में गुजर जाते है जो मुकाम' की सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं स्वाती रिछावरा ने 'हमें और जीने की चाहत न होती', मीना जैन ने 'किसी शायर की गजल ड्रीम गर्ल' और रौनक मिण्डा ने 'घुंघरू की तरह बजता ही रहा हूँ मैं' गाकर खूब तालियां बटोरीं। संध्या के अंतिम चरण में अभय मेहता ने 'बेकरार दिल', दक्ष पाण्डे ने 'चेहरा है या चाँद खिला', राजा भैया सोनी ने 'तेरे जैसा यार कहां' और पायल कियावत ने 'ओ मेरे दिल के चैन' जैसे गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियां देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन आबिद शाह ने किया।

दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब ने टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, नवकार वारियर्स बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब, मंदसौर द्वारा बीसी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट की सबसे खास बात यह रही कि इसमें 12 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। बच्चों से लेकर युवाओं और वरिष्ठ खिलाड़ियों तक, सभी ने एक ही मंच पर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह टूर्नामेंट केवल क्रिकेट प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि समाज की एकता, आपसी प्रेम, पारिवारिक जुड़ाव और खेल भावना का अनूठा उदाहरण बना। मैदान पर चाचा-भतीजा, मामा-भांजा, बाप-बेटे और साला-जीजा जैसी जोड़ियों ने एक साथ खेलकर आयोजन को यादगार बना दिया। विशेष रूप से 12 वर्ष की उम्र के बच्चों ने भी अपने शानदार खेल से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में लोकेन्द्र जैन (अध्यक्ष, सकल जैन समाज एवं बीसा पोरवाल समाज, मंदसौर), मोहनलाल रिछावरा (अध्यक्ष, बीसा पोरवाल वैष्णव समाज, मंदसौर), प्रमोद जैन (पूर्व सीएमओ एवं अध्यक्ष, आदिनाथ ट्रस्ट मंडल, तलेरा विहार, मंदसौर), रितेश भगत (अध्यक्ष, दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप, मंदसौर), पवन जैन एचएम (सचिव, बीसा पोरवाल समाज, मंदसौर), संजय जैन विक्रम प्रिंटर्स (उपाध्यक्ष, दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप, मंदसौर), तथा पियूष जैन पानवाला (कोषाध्यक्ष भाजपा उत्तर मण्डल मंदसौर) उपस्थित रहे। क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं संचालक मंडल के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टूर्नामेंट में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ मुकाबले खेले। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नवकार वारियर्स और जैन सुपर किंग के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में नवकार वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जैन सुपर किंग उपविजेता रही। बेस्ट बेस्टमैन एवं प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार रजत जैन को तथा बेस्ट बॉलर का पुरस्कार शुभम पोरवाल को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब के मार्गदर्शक मनीष जैन एवं नरेंद्र जैन (अन्ना), संरक्षक रितेश पोरवाल (टीवीएस), संयोजक यतेंद्र जैन (मोनू), निवर्तमान अध्यक्ष शुभम पोरवाल (नंदावतावाला), अध्यक्ष विशाल जैन (अफजलपुर वाला), उपाध्यक्ष कपिल जैन (गरोठ वाला) एवं संयम जैन (भावगढ़ वाला), सचिव सन्नी जैन (डॉलर ऑटो पार्ट्स), कोषाध्यक्ष आयुष जैन (पानवाला) तथा प्रवक्ता सीए आशीष जैन एवं साथ ही संस्थापक समिति से पियूष जैन (नाहरगढ़वाला) उपस्थित थे।